प्रेस नोट- थाना पुवायां

जनपद शाहजहांपुर

सराहनीय कार्य दिनांक : 01.04.2025

थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा थाना पुवायाँ क्षेत्र में भटक रही बालिकाओ को ऑपरेशन मुस्कान के तहत सकुशल उनके परिजनों को किया सुपुर्द, परिजनो ने पुलिस का किया धन्यवादः-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर महोदय के निर्देशनुसार, श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन में व श्रीमान क्षेत्राधिकारी पुंवायाँ महोदया के कुशल पर्यवेक्षण मे थाना पुंवायाँ पुलिस द्वारा गुमशुदा बालिकाओ को सकुशल बरामद कर परिजनो को किया सुपुर्द, परिजनो ने पुलिस का किया धन्यवादः-

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 01.04.2025 को समय करीब 01 बजे दिन मे दो बालिकाएँ (उम्र करीब 8 व 4 वर्ष) बड़ागांव चौकी क्षेत्र मे अकेले भटक रही थी तथा आने जाने वाले लोगो से रास्ता पूछ रही थी इसी दौरान बड़ागांव लैपर्ड पर मौजूद कर्मचारी हे0का0 224 नीरेश सिंह व महिला आरक्षी 2908 पूजा के द्वारा अकेली भटक रही बालिकाओं से जानकारी की गयी तो बालिकाओं द्वारा अपना पता बताया गया। इस पर बालिकाओ द्वारा बताये अनुसार उनके परीजनों से संपर्क किया गया व दोनों बालिकाओ को थाना पुवायाँ पर महिला एवं बाल कल्याण डेक्स पर बाल कल्याण अधिकारी म0उ0नि0 सुश्रि कल्पना के द्वारा बैठाया गया जिन्हे चाकलेट व पानी दिया गया तथा दोनों बालिकाओं के परिजन बच्चों को लेने हेतु थाने पर उपस्थित हुए तथा परिजनो ने व बालिकाओं ने एक दूसरे को पहचाना , इस तरह दोनो बालिकाओ को सुरक्षित परिजनो के सुपुर्द किया गया तथा परिजनो ने खुश होते हुए पुलिस का आभार व्यक्ति किया।

बरामद करने वाली पुलिस टीमः-

1.म0उ0नि0 सुश्रि कल्पना थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर

2.हे0का0 224 नीरेश सिंह थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर

3.महिला आरक्षी 2908 पूजा थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर

मिशन
NO CRIME
मिशन शक्ति